Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 02-03-2005

Participants : Yadav Shri Parasnath

>

Title: Need to formulate a comprehensive plan for construction of new National Highways and widening of existing National Highways in U.P. –Laid.

श्री पारसनाथ यादव (जौनपुर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है लेकिन यहां पर दूसरे बड़े राज्यों की तुलना में सबसे कम राट्रीय राजमार्ग है, जिस कारण राज्य का चहुंमुखी विकास नहीं हो पा रहा है। प्रदेश में वाहनों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। फलस्वरूप सड़कों पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है, जिस कारण दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। अतः प्रदेश में यातायात व्यवस्थित करने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नए राट्रीय राजमार्गो का निर्माण एवं पुराने राजमार्गो का चौड़ीकरण किया जाना नितान्त आवश्यक है क्योंकि राट्रीय राजमार्ग ही राज्य की जीवन रेखा होते हैं।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के सुगम यातायात एवं चहुंमुखी विकास के लिए नए राट्रीय राजमार्गो का निर्माण कराने एवं पुराने राजमार्गो को और चौड़ा करने की विस्तृत योजना बनाकर उस पर शीघ्र अमल करे।